भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3362

जिसका उत्तर शुक्रवार, 8 अगस्त, 2025/17 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाना है।

उर्वरकों पर राजसहायता के लाभ

3362. श्री सनातन पांडेय:

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या किसानों को उर्वरकों पर राजसहायता का प्रत्याशित लाभ मिल रहा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या कुछ कंपनियों ने उत्पादन क्षमता कम दिखाने का हथकंडा अपनाया है और उत्पादन के प्रतिशत के आधार पर भारी राजसहायता प्राप्त की है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और
(ड.) गरीब और सीमांत किसानों को राजसहायता का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क), (ख) और (ड.): देश के सभी किसान आधार आधारित प्रमाणीकरण के आधार पर पीओएस मशीनों के माध्यम से सब्सिडी प्राप्त उर्वरकों को खरीदकर सब्सिडी प्राप्त उर्वरकों का लाभ उठा सकते हैं।

(ग): जी नहीं। संस्थापित क्षमता से अधिक उत्पादन के आधार पर सब्सिडी भुगतान के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं मिलता है। उर्वरक उत्पादक/आयातक कंपनियों को सब्सिडी का भुगतान खुदरा विक्रेता द्वारा लाभार्थियों को पीओएस मशीनों के माध्यम से की गई वास्तविक बिक्री के आधार पर किया जाता है।

(घ): प्रश्न नहीं उठता.

****